दूरभाष : 0120-4089803 • फैक्स : 0120-4089813
भारत सरकार
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणित
शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था
ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा (उ.प्र.)

Telephone : 0120-4089803 • Fax : 0120-4089813
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING (NIOS)
ISO 9001 : 2015 Certified
An autonomous Institution under
Ministry of Education (MoE), Deptt. of SE&L
A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA (U.P.)

Website : www.nios.ac.in
E-mail : cm@nios.ac.in

प्रो. सरोज शर्मा
अध्यक्ष

Prof. Saroj Sharma
Chairperson

## शुभकामना-संदेश

मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की 115वीं जयंती के अवसर पर विश्व हिंदी परिषद द्वारा एक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। मैं इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ ।

अपनी ओजस्वी लेखनी से हिंदी साहित्याकाश को देदीप्यमान करनेवाले युगधर्मा कवि 'दिनकर' को याद करना वास्तव में राष्ट्र कवियों की उस विशाल परंपरा को सम्मान देना है जिसने जन-जन के मन में राष्ट्रीयता का भाव जागृत किया । दिनकर की रचनाएँ शौर्य, साहस और संस्कृति की त्रिवेणी हैं जिनमें अवगाहन कर हम कृत्कृत्य होते रहते हैं। उन्होंने एक ओर राष्ट्रीय अस्मिता और इतिहास की रक्षा की तो दूसरी ओर चेतना एवं संस्कारों को नवजीवन प्रदान किया।

'दिनकर' की कालजयी कृतियां आज भी पूर्णतः प्रासंगिक हैं। उनके विचारों की तेजस्विता और ओजस्विता जैसी अनेक विशिष्टताएँ हमें राष्ट्र-प्रेम से ओत-प्रोत करती हैं तथा अन्याय और अनाचार का विरोध करने का संदेश देती हैं। मुझे विश्वास है कि दिनकर पर केन्द्रित यह स्मारिका पाठक के मन को आंदोलित करेगी और दिनकर के रचनात्मक सौंदर्य से परिचित करायेगी।

हार्दिक शुभकानाओं सहित,

(सरोज शर्मा)